दिनांकः 24.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे।
- सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में छह महीने के भीतर कैडर समीक्षा करने के निर्देश दिये।
- राज्य सरकार ने पांचवें और छठे वेतनमान के तहत राज्य कर्मचारियों तथा पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में इस साल 1 जनवरी से बढोतरी की घोषणा की।
- प्रदेश में प्रचंड गर्मी से जनजीवन बेहाल–जैसलमेर में पारा 48 डिग्री पर पहुंचा।

नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक आज नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस वर्ष की बैठक का विषय विकसित भारत के लिए विकसित राज्य /2047 रखा गया है। बैठक में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और केन्द्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल तथा केन्द्रीय मंत्री भाग लेंगे। इसके अलावा नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी शामिल होंगे।

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में छह महीने के भीतर कैडर समीक्षा करने के निर्देश दिये हैं। इसके तहत आईटीबीपी, बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ और एसएसबी सहित सभी सशस्त्र बलों की समीक्षा की जाएगी। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने इनसे संबंधित कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए ये आदेश दिये। न्यायालय ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को कैडर समीक्षा और मौजूदा सेवा नियमों तथा भर्ती नियमों की समीक्षा के संबंध में गृह मंत्रालय से रिपोर्ट मिलने के बाद निर्णय लेने को कहा है। न्यायालय ने कहा कि सशस्त्र बलों की तैनाती से जुड़े कई मुद्दे हैं, जिनमें राज्य सरकारों और राज्य पुलिस बल के साथ समन्वय स्थापित करना भी शामिल है।

भारत ने पाकिस्तान के विमानों के लिए नोटम यानी हवाई क्षेत्र प्रतिबंध 23 जून तक बढ़ा दिया है। कल नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजारप्पू ने कहा कि नोटम बढ़ा दिया गया है और भारत यथा स्थिति बनाए हुए है।

उन्होंने बताया कि सैन्य विमानों सहित पाकिस्तान में पंजीकृत और संचालित किसी भी विमान को भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का प्रदेशभर में जश्न मनाया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भारतीय सेना के प्रति सम्मान व्यक्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल डीग में तिरंगा यात्रा निकाली गई। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने इस यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान की ओर से की गई कार्यवाही का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

बालोतरा के सिवाना में कल निकाली गई तिरंगा यात्रा में उद्योग और वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बाडमेर और पाली के फालना में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ।

देशभर के शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू और मादक पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय की ओर की

से आयोजित होने वाला ये अभियान 26 जून तक चलेगा। इसका उद्देश्य छात्रों और युवाओं को मादक पदार्थों के हानिकारक प्रभावों से बचाना है। मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए एस.ओ.पी. तैयार करने को कहा है।

मंत्रालय ने छात्रों और आम लोगों को तम्बाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जागरुक करने के लिए माय जीओवी प्लेटफॉर्म पर एक प्रश्नोत्तरी भी शुरू की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल एप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इसका प्रसारण होगा।

राज्य सरकार ने पांचवें और छठे वेतनमान के तहत राज्य कर्मचारियों तथा पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में इस साल 1 जनवरी से बढोतरी की घोषणा की है। पांचवें वेतनमान के तहत 11 प्रतिशत और छठे वेतनमान के तहत 6 प्रतिशत मंहगाई भत्ता बढ़ाया गया है। उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी वित्त विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। इस निर्णय के अनुसार पांचवें वेतनमान में महंगाई भत्ता 455 प्रतिशत से बढ़कर अब 466 प्रतिशत और छठे वेतनमान में 246 प्रतिशत से बढ़कर अब 252 प्रतिशत हो गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ये निर्णय कर्मचारियों के हितों के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इससे सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा मिलेगा।

राज्य में अब चिकित्सकों द्वारा घर पर चिकित्सकीय परामर्श देने के लिए आरजीएचएस के पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार ने इसके लिए आदेश जारी करते हुए कहा कि निजी अस्पतालों के चिकित्सकों को 25 से 30 मई के बीच वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना होगा। साथ ही आरजीएचएस योजना के लाभार्थियों की ओपीडी की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। आरजीएचएस में फार्मासिस्ट द्वारा गडबडी की सूचना मिलने के बाद ये नवाचार किया गया है।

जैसलमेर के लाठी गांव के पास कल रात सड़क हादसे में जीप में सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई। ये दुर्घटना एक जीप के ट्रक से टकरा जाने से हुई। ये सभी लोग जैसलमेर से अपने गांव लौट रहे थे। वहीं एक अन्य हादसे में उदयपुर–अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग–48 पर एक महिला सहित दो लोगों मौत हो गई। हादसे में तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। ये सभी लोग गुजरात के रहने वाले थे और अजमेर घूमने आ रहे थे।

प्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी से हाल बेहाल है। इसके असर से आम जनजीवन के साथ ही पशु–पक्षी भी परेशान हैं। मौसम विभाग के अनुसार ज्यादातर स्थानों पर तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना हुआ है। सरहदी जिलों में पारा 46 डिग्री के पार पहुंच गया है। बाडमेर दिन का तापमान 47 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जैसलमेर में कल इस सीजन में पहली बार अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आने वाले दो से तीन दिनों तक य प्रचंड गर्मी और लू की स्थिति बने रहने की संभावना है।

पाली जिले की 338 ग्राम पंचायतों में मॉनसून के दौरान पौधरोपण के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में पांच हजार पौधे तैयार किये जा रहे हैं। ये पौधे मनरेगा योजना के तहत लगाए जाएंगे।

राजस्थान कबड्डी टीम ने खेलो इंडिया बीच गेम्स में सिल्वर मेडल जीता है। दीव में 19 से 23 मई तक आयोजित इन गेम्स में राजस्थान की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। नागौर के जिला खेल अधिकारी

और टीम कोच सोहनलाल गोदारा ने बताया कि टीम ने महाराष्ट्र, कर्नाटक, दमन दीव और आंध्र प्रदेश की टीमों को हराकर ये जीत हासिल की है।